## खबर संक्षेप



### शिक्षा शिरोमणि उपाधि से यशोदा कोरी सम्मानित

**कटनी।** विगत दिनों महाकाल की नगरी उज्जैन मध्य प्रदेश में श्री मौन तीर्थ हिंदी विद्यापीठ द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय भुडसा में बतौर शिक्षिका के रूप में कार्यरत यशोदा कोरी को शिक्षा शिरोमणि उपाधि से सम्मानित किया गया। यह उपाधि आपके साहित्य सेवा, भाषा के संरक्षण पोषण तथा विभिन्न नवाचारों के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हेतु अनवरत किये जा रहे प्रयासों, पर्यावरण संरक्षण एवं क्रीड़ा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। यशोदा कोरी कों उज्जैन मध्य प्रदेश में यह उपाधि मिलने की खबर मिलते ही उनके परिवार सहित इष्ट मित्रों ने बधाइयां संदेश प्रकट की। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से जिला परियोजना समन्वयक के के डेहरिया, एपीसी जेंडर प्रतिभा गर्ग, हेड मास्टर संजय सिंह राजपूत, बीआरसी मनोज गुप्ता, श्वेता पाठक, लालता गुप्ता एवं सत्यव्रत शर्मा आदि रहे।

### जबलपुर ने सनकुई को 23 रन से हराया



**सिलौंडी।** सिलौंडी में चल रही अयान कप क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को जबलपुर और सनकुई के बीच मैच हुआ जिसमें जबलपुर की टीम ने 12 ओवर 162 रन बनाए जिसमें जबलपुर के सचिन के 4 छक्के जिसमें छक्के की हैट्रिक, 3 चौके की बदौलत 39 रन, विजय के लगातार 4 छक्के की बदौलत 28 रन बनाकर दर्शकों का बहुत मनोरंजन किया । जवाबी पारी खेलते हुए सनकुई ने भी बहुत अच्छा खेलते हुए 12 ओवर में 149 रन बनाए । जिसमें सत्यम पटेल 4 छक्के के साथ 28 रन ,सौरभ 30 रन ने भी मैच को रोमांच बनाने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया । इस अवसर पर पंच पुनीत सेन ,संतोष काछी ,दुर्गेश रजक ,गोपी महाराज ,धर्मेंद्र चौधरी ,राजन शर्मा ,प्रवीण अवस्थी ,रोहणी मिश्रा ,रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही है ।

### बन्दरों के आतंक से दहशत में जनजीवन



**बड़वारा।** लंबे अरसे से बड़वारा में स्थानीय लोग काले मुंह और लाल मुंह के बन्दरों के आतंक से भय के साये में रह रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बन्दरों के उत्पात से उनके खपरैल बाले घरों की छानी के खपरे छति ग्रस्त हो रहे हैं वहीं पक्के मकानों की छत में घर की महिलाएं अनाज सुखाने के लिए या कपड़े सुखाने के लिए रखने जाती हैं तो बन्दर उनपर झपट्टा मारकर खदेड़ते हैं जिसकी वजह महिलाएं डर के कारण गिर पड़ती हैं। बड़वारा में ही इन काले मुंह और लाल मुंह के बन्दरों के द्वारा लड़कों, महिलाओं को घायल किया जा चुका है किंतु उसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा इन शरारती बन्दरों के ऊपर किसी भी प्रकार से लगाम नही लगाया जा रहा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बन्दरों को ग्राम से अन्यत्र जगह भेजने का कार्य स्थानीय अधिकारियों का है किंतु उन्हें जन समस्याओं से कोई भी वास्ता नही है यदि बन्दरों के द्वारा किसी भी के साथ कोई भी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दिया गया तो इसकी सम्पूर्ण जबाबदेही स्थानीय अधिकारियों की होगी।

## आबकारी अमले ने कार्यवाही कर 13 न्यायालयीन प्रकरण किये पंजीबद्ध

# आधा दर्जन गांवों में दबिश देकर जब्त की 1.94 लाख की शराब एवं लाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिला में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय और निर्माण की रोकथाम हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त विजयराघवगढ़ के ग्राम शांतिनगर, बरहटा, दडौर, चपना, हथेडा एवं ग्राम पथरहटा में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान जिसमें आबकारी की टीम बी द्वारा दबिश की कार्यवाही के दौरान कुल 1905 किलोग्राम महुआ लाहन, 19.5 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा तथा 21 पाव देशी मदिरा प्लेन जप्त की गई। इस दौरान कुल 13 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 1 लाख 94 हजार 790 रूपये है।

कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी ममता अहिरवार आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह बघेल, केशव प्रसाद उइके, मोना दुबे, आबकारी आरक्षक राजेश गौटिया, सी.पी. त्रिपाठी, देवेन्द्र प्यासी एवं प्रियंका बोरकर मौजूद रहे।

### कोदो के अवैध परिवहन पर हुई कार्यवाही

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर संयुक्त नाकों में अवैध अनाज परिवहन के मामलों की निगरानी हेतु उडनदस्ता दल की तैनाती की गई है। इसी वजह से बड़वारा - विलायतकला मार्ग पर सीताराम उद्योग बाकल, कटनी से जिला उमरिया के लिए परिवहन हो रही 30 क्विंटल अवैध कोदो वाहन सहित जब्त की गई। मंडी सचिव कृषि उपज मंडी समिति राकेश कुमार पनिका के मार्गदर्शन में वाहन द्वारा कृषि उपज कोदो का अवैध परिवहन करते हुए पकडे पाये जाने पर दाण्डिक मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क के रूप में 10 हजार 40 रूपये की वसूली की जाकर कार्यालय में जमा कराई गई।

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर कृषि उपज मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका ने कार्यवाही के दौरान विलायत कला मार्ग पर वाहनों के निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक एम.पी 21 जी 2876 की जांच की जांच के दौरान सीताराम उद्योग बाकल कटनी से जिला उमरिया के लिए 30 क्विंटल कोदो का अवैध परिवहन पाया गया। जांच दल मे राजेन्द्र कुमार चौधरी सहायक उप निरीक्षक, किशोर कुमार पनिका सहायक उप निरीक्षक एवं अजय कुमार पडवार सहायक उप निरीक्षक द्वारा मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका की सहभागिता में कार्यवाही की गई।

# अस्पतालों में की गई चिकित्सकों की वैकल्पिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद का हाल ही में विकासखंड ढ़ीमरखेड़ा का किया गया दौरा स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी और चिकित्सक विहीन अस्पतालों में चिकित्सकों की वैकल्पिक व्यवस्था के नजरिये से सौगात साबित हुआ। यहां सिलौड़ी भ्रमण के दौरान कलेक्टर को चिकित्सक नहीं होने की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल जिले भर के चिकित्सक विहीन अस्पतालों की जानकारी प्राप्त कर समीपस्थ अस्पतालों से दिन वार चिकित्सकों की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये थे।

ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने और चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर अवि प्रसाद के दिये निर्देश के बाद अब चिकित्सक विहीन स्वास्थ्य केन्द्रों में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत समीपस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ चिकित्सकों को समीपस्थ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दो-दो दिनों की सेवायें देने का निर्देश जारी किया गया है।

### ये डॉक्टर्स देंगे सेवायें

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तेवरी में मंगलवार और शुक्रवार के लिए डॉ. गौरव अवस्थी और सोमवार एवं गुरूवार के लिए डॉ. शिवम कुमान दुबे तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बचौया में मंगलवार एवं शुक्रवार को डॉ. अनुराग कुमार शुक्ला को सेवायें देने के निर्देश दिये गये हैं।

इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कछारगांव बड़ा में मंगलवार और शुक्रवार को डॉ. सुनील आर.के. तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खमतरा में मंगलवार एवं शुक्रवार को डॉ. अजय सोनी को और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिलौड़ी में मंगलवार एवं शुक्रवार को डॉ. आलोक कुमार पांडे को तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढ़ीमरखेड़ा में मंगलवार एवं शुक्रवार को डॉ. इसरत जहाँ और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रेमनगर में मंगलवार व शुक्रवार डॉ. पूजा पांडे मौजूद रहकर मरीजों का उपचार करेंगी और चिकित्सकीय परामर्श देंगे।

## आवेदनों पर कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने दिये निर्देश

# बेरोजगार युवक ने कहा भाई-बहन मानसिक विकलांग, खाद्यान्न पर्ची बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

मंगलवार को कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जनसुनवाई में जिले भर से आये 98 आवेदकों की समस्याओं को सुनकर निराकरण के लिये संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सी ई ओ शिशिर गेमावत, सयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी ने स्थानीय एवं दूरदराज से आये 98 व्यक्तियों के आवेदनों में से एक-एक कर सुनवाई की। स्थानीय स्तर पर तत्काल समाधान हो सकने वाले आवेदनों हेतु संबंधित अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये। तत्काल समाधान ना हो सकने वाले आवेदनों में समय-सीमा निर्धारित कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम पोस्ट तेवरी निवासी विकास श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि वह एक शिक्षित बेरोजगार है तथा भाई एवं बहन मानसिक विकलांगता से ग्रसित है। माता- पिता की मृत्यु पश्चात परिवार की आय का साधन न होनें के कारण राशन टोकन गल्ला पर्ची बनानें संबंधी प्रस्तुत आवेदन पर अधिकारियों द्वारा सुनवाई की जाकर जिला आपूर्ति बालेन्द्र शुक्ला को आवेदन पर नियमानुसार उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम जुहला निवासी वंदना साहू, मनोरमा साहू एवं अन्य द्वारा गरीबी रेखा में नाम दर्ज करने संबंधी प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई की जाकर तहसीलदार कटनी को आवेदन पर उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान ग्राम सिंगौडी तहसील विजयराघवगढ़ निवासी प्रियम त्रिपाठी के सीमांकन कराने संबंधी आवेदन पर सुनवाई उपरांत एस.डी.एम विजयराघवगढ़ की ओर उचित कार्यवाही करने आवेदन प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम गैरतलाई निवासी राकेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि कुटेश्वर लाइम स्टोम माइंस के द्वारा उसकी भूमि अधिग्रहित कर लिये जाने के कारण वह कृषि कार्य से वंचित हो गया है। रोजगार न होने के कारण के कारण परिवार के भरण पोषण हेतु कोटेश्वर लाइम कंपनी में रोजगार दिलाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई करते हुए खनिज एवं लेबर अधिकारी को प्रकरण में उचित कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान अन्य आवेदनों पर भी सुनवाई की जाकर विभागीय अधिकारियों को आवेदनों पर समय-सीमा में कार्यवाही करनें के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान डीईओ पीपी सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी बालेंद्र शुक्ला, सहायक संचालक महिला सशक्तिकरण वनश्री कुर्वेती आदि की उपस्थिति रही।

## महापौर ने कहा सड़क निर्माण में नहीं मिलनी चाहिए शिकायत



महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार को पन्ना मोड़ में सड़क निर्माण कार्य एवं कुठला थाने से चाका हनुमान मंदिर तक डिवाइडर पर स्टील रैलिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने ठेकेदार से स्पष्ट कहा कि सडक निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरी तरह ख्याल रखा जाये किसी भी तरह की शिकायत जनता की नहीं मिलना चाहिये। महापौर ने कहा कि सडक निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था बाधित न हो इसके लिये ठेकेदार द्वारा एक तरफ से निर्माण करे और वेरीगेटस लगाकर कार्य करे। साथ ही उन्होंने इंजिनीयर को दूसरी और छत्तीग्रस्त रोड को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एमआई सदस्य सुभाष शिब्बू साहू डॉ रमेश सोनी पार्षद शकुन्तला सोनी जय नारायण निषाद ओमप्रकाश बल्ली सोनी उमेन्द्र अहिरवार इंजीनियर पवन श्रीवास्तव ठेकेदार सचिन दुबे और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### सुशासन दिवस पर 22 को दिलायी जायेगी शपथ

**कटनी।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म-दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता हैं। रविवार 24 दिसम्बर एवं शनिवार 23 दिसंबर को शासकीय अवकाश होने से 22 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में शासकीय अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ लेंगे। कलेक्टर अवि प्रसाद ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के साथ ही सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, सुशासन दिवस मनाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

## विश्रामगृह तथा कैंटीन के प्रस्तावित कार्यस्थल का लिया जायजा

# वसुधा में पर्यटन की संभावनाओं की तलाश में पगडंडी पर चले जिपं सीईओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

विकासखंड रीठी के आदिवासी बाहुल्य ग्राम वसुधा में प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर हरी भरी वादियों और अत्यंत सुंदर जल प्रवाह के बीच पर्यटन की संभावनाओं को तलाश करने मंगलवार को जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने पगडंडी मार्ग के ऊबड़ खाबड़ पथरीले रास्तों से पैदल चलकर स्थल को देखा।

### अमृत सरोवर के निकट बनेगा रेस्ट हाउस, कैंटीन

जिला सीईओ श्री गेमावत ने लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग से स्वीकृत 21.06 लाख की लागत से निर्मित होने वाले पर्यटन हट, विश्रामगृह और कैंटीन निर्माण हेतु प्रस्तावित कार्य स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। वसुधा वॉटरफॉल में पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ट्रैक के मार्ग पर निर्माण कराया जाएगा।जिला सीईओ ने तकनीकी अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समय सीमा में निर्माण कार्य प्रारंभ करते हुए पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए।

### समस्या सुन निराकरण करने दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान किसानों ने वाटरशेड परियोजना द्वारा निर्माण कराए गए तालाब से वेस्ट वियर से पानी निकल जाने की समस्या सुनाई और बताया कि जल निकासी हो जाने से फसलों को सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिला सीईओ श्री गेमावत ने कृषकों की समस्या को अत्यंत ध्यान पूर्वक सुनते हुए तकनीकी अधिकारियों को स्थल परीक्षण कर तत्परता पूर्वक कार्यवाही और समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

### इनकी रही मौजूदगी

वसुधा वॉटरफॉल के निरीक्षण के दौरान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री गौरी शंकर खटीक जनपद पंचायत के सीईओ चंदूलाल पनिका एपीओ भागीरथ पटेल और अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल में आज होगी कार्यशाला

**कटनी।** जिले में मातृ मृत्यु दर को नियोजित करने जिला चिकित्सालय में आज 20 दिसम्बर को अपरान्ह 3 से 5 बजे तक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। सिविल सर्जन ने बताया कि आयोजित कार्यशाला में जिले व स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व जिले की समस्त शासकीय व निजी क्षेत्र की स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निरोधात्मक उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की जावेगी।

## जिले में प्राइवेट सेक्टर की सहभागिता बढाने सेंसटाईजेशन वर्कशॉप आयोजित

# बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने निजी और शासकीय चिकित्सक मिलकर करें काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिले में प्राइवेट कैमिस्टों तथा आयुष,यूनानी, हौम्योपैथी तथा एलोपैथी चिकित्सकों की सेंसटाईजेशन वर्कशॉप (सीएमई) का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति (क्षय) द्वारा शनिवार को किया गया है।

नगर में सेवायें दे रहे शासकीय एवं प्राइवेट एलोपैथी चिकित्सकों की सेंसटाईजेशन वर्कशॉप का आयोजन कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें आईएमए की जिला कार्यकारिणी के सभी एलौपैथी चिकित्सकों की उपस्थिति रहीं। सीएमई को संबोधित करते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर एवं उपलब्धता को उन्नत किये जाने की दिशा में प्रयासों को बढाने की जरूरत बताते हुए प्राइवेट चिकित्सकों द्वारा शासकीय चिकित्सा तंत्र को सहयोग प्रदान करने तथा आवश्यक जानकारियां साझा करने का आव्हान किया।

वर्कशाप के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला क्षय अधिकारी डॉ. शैलेंद्र दीवान द्वारा बताया गया कि राज्य क्षय मुख्यालय, भोपाल द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में कटनी जिले में प्राइवेट सेक्टर की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से तीन चरणों में सेंसटाईजेशन वर्कशॉप का आयोजन राज्य क्षय मुख्यालय, भोपाल से डॉ. जीतेश कौरव, जबलपुर डिवीजन के डब्ल्यूएचओ के सलाहकार डॉ. योगेश शर्मा की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम कटनी नगर में कार्यरत प्राइवेट कैमिस्टों की सेंसटाईजेशन वर्कशॉप का आयोजन अपरान्ह 12 बजे से एवं मध्यान्ह 03 बजे से जिले के आयुष, यूनानी, हौम्योपैथी चिकित्सकों की सेंसटाईजेशन वर्कशॉप का आयोजन सीएमएचओ सभाकक्ष, कटनी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अठ्या की अध्यक्षता में किया गया जिनमें नगर के कैमिस्टों एवं आयुष, यूनानी, हौम्योपैथी विधा में कार्यरत चिकित्सकों की उपस्थिति प्रमुखता से रही। सीएमएचओ डॉ. राजेश अठया ने इस अवसर पर प्राइवेट चिकित्सकों को क्षय कार्यक्रम में मौजूदा स्थितियों पर चर्चा करते हुए होने वाले नवाचारों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य क्षय मुख्यालय, भोपाल से पधारे डॉ. जीतेश कौरव एवं डब्ल्यूएचओ सलाहकार डॉ. योगेश शर्मा ने उपस्थितों को टीबी कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत तकनीकी जानकारी स्लाईड प्रिजेंटेशन के माध्यम से प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम समन्वयक (एनटीईपी) आशीष केशरवानी ने सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आईएमए की जिला कार्यकारिणी सदस्यों सहित नगर के समस्त वरिष्ठ शासकीय एवं प्राइवेट चिकित्सक, जिला क्षय केंद्र कटनी के कर्मचारीगण, जिले में कार्यरत पीपीएसए एजेंसी दीपक फाउंडेशन की पूरी टीम उपस्थित रही।

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)**
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक MA/2304/2023
Process Id: 215373/2023
By- Paper Publication Respondent No. 7
Fixed for 21-12-2023
On Admission and IA9056/2023 condonation delay
NATIONAL INSURANCE COMPANY LTD. ...... अपीलार्थी
PARAMSINGH GOND and others ...... प्रत्यर्थी
सन् 2019 के MACC क्रमांक 723 सन् 2019 में न्यायालय Member, MACT, Shri Anil Kumar Agrawal, Katni (MADHYA PRADESH) की डिक्री/ आदेश, दिनांक 14-10-2022 के विरूद्ध अपील।
प्रति, Soukhi Sahu S/o Shri Bihari Lal Sahu, R/o Village Chaka Ward No. 1, Tehsil and District Katni, District- Katni (MADHYA PRADESH) प्रत्यर्थी
अपील की सुनवाई का दिनांक– कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 21–12–2023 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक– कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 21–12–2023 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातों करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये– कागज का विवरण (दिनांक सुमेदक चिन्ह तथा पृष्ठ संख्या) (1), पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2), कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाए) (3)। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 21–12–2023 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम–काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है ORDINARY और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक.... को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर की मुहर से दिया गया।
(मुहर) A.O. न्यायिक शाखा
SAPNA

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)**
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक MA/2839/2018
Process Id: 218884/2023
By- Paper Publication Respondent No. 5
Fixed for 21-12-2023
ON ADMISSION
NATIONAL INSURANCE COMPANY LTD. ...... अपीलार्थी
SMT. ANJU CHOUDHARY and others ...... प्रत्यर्थी
सन् 2015 के MACC क्रमांक 790 सन् 2015 में न्यायालय Member, MACT, Shri K.K. Tripathi, Jabalpur (MADHYA PRADESH) की डिक्री/ आदेश, दिनांक 15-02-2018 के विरूद्ध अपील।
प्रति, Bhagwan Das S/o Gunnulal, R/o Indira Aavas Colony Manegawn Thana- Ranjhi, District- Jabalpur (MADHYA PRADESH) प्रत्यर्थी
अपील की सुनवाई का दिनांक– कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 21–12–2023 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक– कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 21–12–2023 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातों करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये– कागज का विवरण (दिनांक सुमेदक चिन्ह तथा पृष्ठ संख्या) (1), पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2), कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाए) (3)। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 21–12–2023 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम–काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक..... को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर की मुहर से दिया गया।
(मुहर) A.O. न्यायिक शाखा
SAPNA

## खबर संक्षेप

### संत शिरोमणि गाडगे की पुण्यतिथि आज

**कटनी।** रजक समाज जन जागृति विकास समिति कटनी द्वारा राष्ट्रीय संत स्वच्छता के जनक संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 67वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 20 दिसंबर को दोपहर 3 बजे रजक समाज धर्मशाला इण्डिया होटल के पीछे कुठला कटनी में समिति द्वारा गरीबों को भोजन, भण्डारा, कैण्डल मार्च प्रज्जवलित कर गाडगे बाबा को श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की जावेगी। संत शिरोमणि गाडगे बाबा स्वच्छता, वृद्धजनों की सेवा, निर्धन, असहाय बच्चों के शिक्षा मे मदद, वृद्धाश्रम, गौशालाएं एवं समाज में फैली अशिक्षा रुपी कुरुतियों से लड़ने की प्रतिज्ञा को अपनाते हुए समाज के लोगों ने बाबा के द्वारा चलाए गए मिशन को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।

### बदमाश का पीछा करते कोच अटेंडर का पैर कटा



**कटनी।** रेलवे स्टेशन के आउटरों पर होने वाले अपराधों पर जीआरपी लगाम नहीं लगा पा रही है। आए दिन चलती गाड़ी से मोबाइल लूटने की घटनाएं आम हो गई हैं। गत दिवस स्पेशल डीजी रेल के जीआरपी थाने के निरीक्षण से पहले एक कोच अटेंडर का मोबाइल लेकर बदमाश भागा। उसका पीछा करने में अटेंडर ट्रेन की चपेट में आ गया और उसका एक पैर कट गया। जानकारी के अनुसार राजू चौहान पिता कामेश्वर प्रसाद 35 वर्ष निवासी एनकेजे ट्रेन का एसी अटेंडर हैं। उसे सोमनाथ एक्सप्रेस से जाना था और वह इंटरसिटी एक्सप्रेस से सुबह जबलपुर जाने को निकला था। वह कोच के गेट पर खड़ा मोबाइल पर बात कर रहा था। मुख्य स्टेशन व कटनी साउथ स्टेशन के बीच आउटर में एक बदमाश ट्रेन के धीमे होने पर उसका मोबाइल छीनकर भागा। राजू उसे पकड़ने को दौड़ा तो फिसलने से वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसका एक पैर कट गया। घटना के बाद बदमाश मोबाइल फेंककर भाग गया। घायल को लोगों ने ट्रेक से उठाया और जीआरपी को सूचना देते हुए जिला अस्पताल पहुंचाया।

### अयोध्या से आये अक्षत कलश का भव्य स्वागत



**सिलौंडी।** अयोध्या से आये अक्षत कलश का सिलौंडी में भव्य स्वागत हुआ ।सिलौंडी के समस्त हिन्दू समाज के लोगों एवँ राम भक्तों ने बस स्टैंड में बैंड बाजे से पूरे गांव में अक्षत कलश को सिर पर रखकर भ्रमण किया । सभी मंदिरों में अक्षत कलश का स्वागत पुजारियों एवँ स्थानीय लोगों ने किया ।जय श्री राम के नारों से पूरा गांव गूँज उठा ।

### तिलसानी टीम ने जीत 8वीं सुपर लीग मैच

**गनियारी।** शरद चौबे की पुण्य स्म्रति में चल रहे जिला स्तरीय लाल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगता का आठवा सुपर लीग मैच दरौली और तिलसानी के बीच खेला गया जिसमें दरौली टीम से टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। तिलसानी टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 129 रन बनाए। दरौली टीम को लक्ष्य दिया 130 रनों का। वही दरौली टीम इस लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 102 रन 15 ओवर में पूरी टीम ऑल आउट हो गई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे परेश जिन्होंने बॉलिबाजी से 33 रन बनाए वही अपनी टीम को 1 सफलताअपनी टीम दिलाई। मैच के मुख्य अतिथि विमल वैरागी, मुकेश बर्मन, राजेश पटेल,बलराम कोल,सुशील बर्मन,रणजीत बैरागी रहे। मैच के निर्णायक प्रिंस गौतम,कमलेश बर्मन रहे। कमेंट्री का भार रजा मो. साहनी,लालू बैरागी,पिंटू पटेल ने सँभाला। स्कोरिंग में बिट्टू बर्मन,बिट्टू बैरागी रहे। व्यपस्थापक अज्जू बर्मन, अंकित बर्मन, आकाश बर्मन, बंटू बर्मन, रोशन सोनी,नरेश बर्मन रहे।

## कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करने अधिकारियों को दिए निर्देश

# अधिकारी बरत रहे लापरवाही, निराकरण के लिए कलेक्टर को लेना पड़ रहा संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई (स्थानीय समाधान) के दौरान जिले की 100 शिकायतों का रैडमली चयन किया गया। समीक्षा के दौरान चनित शिकायतों में 44 शिकायतें संतुष्टि से बंद पाई गई तथा 56 शिकायतें लंबित रही। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा लंबित शिकायतों का अंतिम चयन किया जाकर शिकायतकर्ता एवं विभागीय अधिकारी की उपस्थिति में प्रकरणों की समीक्षा की जाकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

### समस्या का हुआ निराकरण

स्थानीय समाधान में लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग अंतर्गत तहसील विजयराघवगढ़ निवासी आवेदिका श्रीमति शिखा द्विवेदी की नामांतरण संबंधी शिकायत की समीक्षा के दौरान आवेदिका द्वारा नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन जुलाई 2023 में पटवारी को दिया जाना पाया गया। किन्तु करीब 6 माह का समय व्यतीत हाने के बाद भी संबंधित पटवारी द्वारा प्रकरण पर कार्यवाही न करने व नामांतरण के आवेदन का निराकरण नहीं करने पर आवेदिका द्वारा सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की गई। शिकायत लंबित होने की दशा में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा स्थानीय समाधान में शिकायत का चयन किया जाकर प्रकरण की समीक्षा के उपरांत आवेदिका शिखा द्विवेदी का नामांतरण का आदेश जारी किया गया। नामांतरण संबंधित लंबित समस्या का निराकरण होने पर शिखा द्वारा कलेक्टर श्री अवि प्रसाद को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

समीक्षा के दौरान तहसील कटनी निवासी बनारस लाल साहू ने कलेक्टर श्री प्रसाद को बताया कि उसके द्वारा भूमि के नामांतरण हेतु सितंबर 2022 में तहसील कार्यालय में आवेदन दिया गया था किंतु अभी तक नामांतरण नहीं होने एवं सुनवाई न हाने की जानकारी दिये जाने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा नामांतरण संबंधी लंबित शिकायत में इश्तेहार प्रकाशन शीघ्र कर निराकरण कराये जाने के निर्देश तहसीलदार कटनी नगर को दिये गये। इसी तरह समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा तहसील रीठी निवासी रोशन प्रसाद चौधरी के बंटवारा संबंधी लंबित शिकायत में बंटवारा की विचाराधीन अपील का निराकरण शीघ्र कराने के निर्देश एसडीएम कटनी को दिये गये।

### अधिकारियों को दिये निर्देश

स्थानीय समाधान के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पंचायती राज अंतर्गत अमित पांडे की लंबित शिकायत में खरखरी के ग्राम देवडोंगरा के दलीपुर टोला में प्राथमिक शाला में भवन की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश डीपीसी कटनी एवं सीईओ जनपद पंचायत कटनी को दिये गये। बहोरीबंद निवासी जयकुमार मिश्रा की खाद प्राप्त न होने संबंधी लंबित शिकायत में सुनवाई उपरांत कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा नियमानुसार शीघ्र बकाया राशि आवेदक से जमा कराया जाकर निराकरण कराये जाने के निर्देश सहायक आयुक्त सहकारिता को दिये गये।

## जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बरतने नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल जीवन मिशन की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों में रुचि नहीं लेने, न्यून प्रगति, सही जानकारी से अवगत नहीं कराने के फलस्वरूप जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 6 लोकसेवकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं।

उल्लेखनीय हैकि जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में वांछित जानकारी और प्रगति समाधान कारक नहीं होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक यंत्रीयों और उपयंत्रियों को शोकाज नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए थे।

जिला सीईओ श्री गेमावत द्वारा पदीय दायित्वों के विपरीत स्वेच्छा चरिता और शासन के दिशा निर्देशों के विपरीत कृत्य करने पर विकल्प पटेल सहायक यंत्री स्लीमनाबाद, बीपी चक्रवर्ती और दिनेश इनवाती प्रभारी सहायक यंत्री और उपयंत्री क्रमशः ढीमरखेड़ा और विजयराघवगढ़, अनिल चुमलके, मधुभलावी, मयूरी गुप्ता उपयंत्री क्रमशः बहोरीबंद कटनी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर जवाब मांगा है। जारी नोटिस में सीईओ श्री गेमावत ने तय समय सीमा में प्रतिवाद प्रस्तुत नहीं करने अथवा समाधान कारक उत्तर नहीं पाए जाने पर उक्त के विरुद्ध सिविल सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने का उल्लेख किया है।

### महिला बंदियों एवं बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विगत दिनों किये गए जिला जेल के निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण नहीं होने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने डॉक्टर अमित साहू से महिला बंदियों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने का आग्रह किया था। इसके बाद अब महिला बंदियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया और वजन लिया गया। जिला जेल मे वर्तमान में 22 महिला सजायाफ्ता बंदी है। जिसमे से एक गर्भवती ,एक धात्री और दो छोटे बच्चे है। इन सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में प्राचार्यों की हुई बैठक

# जिले की हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों के परीक्षा परिणाम सुधारने मिशन-45

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मिशन -45 के तहत जिले के शासकीय स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता मे सुधार लाने तथा जिले के हायर सेकेन्डरी और हाई स्कूल परीक्षा 2022-23 के खराब परीक्षा परिणाम में सुधार लानें हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में जिले के शासकीय स्कूलों के प्राचार्यो एवं अतिथि शिक्षकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा बैठक में 40 प्रतिशत से कम परिणाम वाले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्यो एवं हाई स्कूल के प्राचार्यो द्वारा मिशन -45 के तहत परीक्षा परिणामों मे सुधार लाने हेतु तैयार की गई कार्ययोजना का वन-टू-वन प्रेजेंटेशन दिया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा प्राचार्यो से विद्यालय का उच्च परीक्षा परिणाम न आनें के कारणों की जानकारी चाही जाकर प्राचार्यो से आवश्यक सुझाव लिये गए। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी आपने शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार लाने प्राचार्यो को निर्देशित किया गया।

सत्र 2022-23 में खराब परीक्षा परिणाम वाले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छैः प्राचार्यो में सभी का परीक्षा परिणाम 40 प्रतिशत से कम है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद के प्राचार्य श्री डी.के.ठाकुर, खरखरी नंबर-1 के प्राचार्य श्री बी.एल.रोहित, एन.के.जे की प्राचार्य श्रीमती आर.के. चक्रवर्ती, घुघरा के प्राचार्य श्री सुश्री अनुपमा किंडो, बिलहरी के प्राचार्य श्री श्रीमती रेखा तिवरी एवं जोबीकला के प्राचार्य श्री आर.के.पटेल द्वारा कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की गई।

सत्र 2022-23 में खराब परीक्षा परिणाम वाले शासकीय हायर सकेन्डरी स्कूल के चार प्राचार्यो में सभी का परीक्षा परिणाम 40 प्रतिशत से कम है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खडौला के प्राचार्य श्री पितृपाल सिंह, शासकीय हाई स्कूल सिंघनपुरी के प्राचार्य श्री दिनेश तिवारी, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा के प्राचार्य श्री जुगलकिशोर चौरसिया, शासकीय हाईस्कूल गोदाना के प्राचार्य श्री छेदीलाल पटेल द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की गई।

## शोभायात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ



विजयराघवगढ़ तहसील अन्तर्गत ग्राम अमेहटा में कैमोर पर्वत पर स्थित प्रसिद्ध प्राचीन अमहाई धाम के संत मनोहरदास त्यागी मोहन बाबा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर गत वर्ष की भांति इस बर्ष भी सार्वजनिक सहयोग से एवं अमहाई धाम सेवा समिति के संयोजन में प्रद्युम्नदास रामायणी महाराज के श्रीमुख से 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन है। कथा प्रारंभ होने की पूर्व संध्या को श्रमधाम विद्यालय प्रांगण से नगर भ्रमण करते हुए विशाल शोभायात्रा निकाली गयी जिसका समापन कथा स्थल पर हुआ। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन के स्वाद और गुणवत्ता को चखकर परखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने छात्रों को मध्यान्ह भोजन वितरण के पहले स्वयं मध्यान्ह भोजन के सैंपल टिफिन के खाने को चखकर स्वाद और गुणवत्ता का परीक्षण किया। उपयुक्त मानक का भोजन होने पर इसे स्कूलों में छात्रों को प्रदान किया जाता है यह सिलसिला बिना किसी रूकावट के पिछले साल से निरंतर जारी है। मध्यान्ह भोजन को स्वयं चखकर स्कूलों में वितरित करवाने वाले कलेक्टर श्री प्रसाद देश के पहले कलेक्टर हैं। जिन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने यह नवाचार प्रारंभ किया है। इसके तहत अब छात्रों को मध्यान्ह भोजन देने से पहले पिछले एक साल से सैंपल भोजन का टिफिन हर दिन कलेक्टर श्री प्रसाद के पास पहुंचता है। जिसे वे स्वयं या उनकी अनुपस्थिति में कोई अन्य वरिष्ठ अधिकारी खाने के स्वाद और गुणवत्ता की जांच करता है। इसके बाद ही यह मध्यान्ह भोजन स्कूली छात्रों को परोसा जाता है। भोजन प्रदायक समिति को निर्देशित किया गया है, कि सैंपल टिफिन और छात्रों को प्रदान किए जाने वाले भोजन में अंतर आने पर धोखाधड़ी मानते हुए कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए कलेक्टर और प्रशासनिक अमले द्वारा स्कूलों का भ्रमण कर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच करने का सिलसिला जारी है।

### शरीर में आवेदनों को लटकाकर कलेक्ट्रेट पहुंचा प्रौढ़

**कटनी।** कलेक्ट्रेट में मंगलवार को एक प्रौढ़ शरीर में पांच साल में दिए आवेदन लटकाए पहुंचा। उसका कहना था कि पिछले कई साल से वह उसकी जमीन पर हो रहे कब्जे को लेकर आवेदन दे देकर परेशान है लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई है। शहर के उद्योगपति उसकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं और संरक्षण प्राप्त है। गुलवारा निवासी और कटनी विकासखंड से जनपद सदस्य पन्नालाल हल्दकार जनसुनवाई में आवेदन देने पहुंचे थे। अपने शरीर में आधा सैकड़ा से अधिक आवेदनों की कापी लगाए पन्नालाल का आरोप था कि उनकी गुलवारा गांव में पैतृक भूमि है, जिसके खसरा नंबर 609 के चार आरे भूमि में शहर के उद्योगपति जेसीबी से खुदाई करके कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने खुदाई के माध्यम से जमीन का स्वरूप बदल दिया है।

## शहर को स्वच्छ बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान

# जलस्त्रोतों के साथ वार्डों की स्वच्छता से ही शहर बनेगा नंबर वन, दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों की सहभागिता के साथ जारी स्वच्छता अभियान के तहत प्रतिदिन विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया जा रहा है प्राकृतिक जल स्त्रोत एवं पार्को की सफाई श्रमदान से की गई प्रातः नगर निगम ब्रांड एंबेसडर आशुतोष माणके, वंशिका महिला समूह ,क्षेत्रीय नागरिकगणों, निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं स्वच्छता मित्रों तथा नगर निगम की नियुक्त एजेंसी ओम साई विजन , स्वच्छता चैंपियन द्वारा स्वच्छता श्रमदान के माध्यम से स्थित जागृति पार्क ,आई लव कटनी सेल्फी प्वाइंट के पास सफाई अभियान आयोजित किया जाकर आसपास लगे कचरे के ढेर की सफाई की जाकर स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया अभियान के दौरान हम सब ने यह ठाना है कटनी को स्वच्छ बनाना है एवं अन्य स्वच्छता के नारों के माध्यम से एक दूसरे का उत्साह बढ़ाते हुए श्रमदान किया सफाई के उपरांत कचरे को कैरी बैग में एकत्रित किया जाकर जल स्त्रोतों एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने हेतु शपथ दिलाई गई ।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की गतिविधियों के तहत निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ला जी के निर्देशन में आज प्रातः नगर निगम की सहयोगी संस्था ओम साइ विजन के सदस्यों द्वारा वार्डों में स्थित यूरिन पॉइंट को चिन्हित कर सफाई मित्रों द्वारा यूरिन पॉइंट की सफाई करवाई गई सफाई के उपरांत सुंदर कलाकृति बनवाई एवं उस स्थान को येलो स्पॉट मुक्त एरिया घोषित किया गया जिससे कि होने वाली गंदगी को रोका जा सके । साथ ही आते जाते नागरिकों को गंदगी ना करने एवं बाहर टॉयलेट जाने वाले नागरिक को सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय का उपयोग करने की समझाइश दी गई । इस कार्यक्रम में वार्ड दरोगा एवं अन्य नागरिकों की उपस्थिति रही ।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत पांच सप्ताह तक जारी क्लीन टॉयलेट्स अभियान में निकाय स्थित सभी शौचालयों की सुविधा व व्यवस्था हेतु निरिक्षण के लिए एस. एच. जी. समूह का गठन कर ग्रेडिंग कराई जा रही हैं एवं साथ ही शौचालयों में सभी व्यवस्थाओ को सदृण किया जा रहा है इसी कार्यक्रम के अंतर्गत विगत दिनों में नगर निगम द्वारा गठित स्वसहायता समूहों ने मसूहरा घाट स्थित शौचालय एवं बर्गवा स्थित मॉडल शौचालय में ग्रेडिंग की गयी।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रतिभागी छात्र-छात्राएं पुरूस्कृत

# विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कटायेघाट मेला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




एक सप्ताह तक आयोजित श्री बजंरग कटायेघाट मेले में विविध सांस्कृतिक साहित्यिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। मेले में श्री सुंदर काण्ड का पाठ, कवि सम्मेलन, आर्केस्ट्रा, शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी, एकल गायन, एकल नृत्य प्रतियोगिता, फेंसी ड्रेस, सामूहिक नृत्य, भजन संध्या, लोक नृत्य एवं राई, दंगल, जिम, पावर लिफ्टिंग, आदि कार्यक्रम कराये गये। उक्त मेले में शहर/ग्रामीण दुकानदारो द्वारा दुकान लगाकर एवं मेले में झूला बच्चों का आकर्षण केन्द्र बना रहा। छिदवाडा की लोक नृत्य मंडली द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

कटायेघाटमेला के समापन अवसर पर महापौर श्रीमति पप्रीति संजीव सूरी ने कहा कि लोकसंस्कृति पर आधारित मेले में कलाकारों छात्रों को अपनी प्रतिभा को निखारने एक सुनहरा अवसर था।प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पुरूस्कार हासिल किये लेकिन वे प्रतिभागी निराश न हो जिन्होंने भाग लिया अंबल नंबर तक नहीं पहुंच सके उन्होंने कहा मेहनत और संघर्ष निरंतर बनाये रखे सफलता अवश्य मिलेगी।कटायेघाट मेला का हर वर्ष आयोजन होगा दोबारा प्रयास करें।

शहर के निजी व शासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी, एकल नृत्य, एकल गायन, फैन्सी ड्रेस एवं सामूहिक नृत्य कर नागरिकों को मंत्रमुग्ध किया। वेस्ट लिफ्टर महिला/पुरूषों द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेते हुये अपना-अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया जिसमें वेस्ट लिफ्टर महिला प्रतिभागी वृंदा, मुस्कान बैनजी, पूनम द्विवेदी, एवं वेस्ट लिफ्र पुरूष में लवलेश निषाद, अभय, अंशुल गोस्वामी व अन्य प्रतिभागियों द्वारा भी बढ-चढकर भाग लेते हुये कार्यक्रम को गति प्रदान की।

स्कूल छात्र-छात्राओं द्वारा एकल गायन वर्ग अ में अपेक्षा बर्मन, वर्ग ब में सृष्टि दहायर, एवं वर्ग स में आशुमिता राठौर, एकल नृत्य में वर्ग अ में आरोही सिंह, वर्ग ब में अंशिका नामदेव, वर्ग स में कृषि बर्मन, फैन्सी ड्रेस में वर्ग अ वैष्णबी गौड, वर्ग ब में अनमोल सिंह राजपूत, वर्ग स में ईंशांत बैरागी, सामूहित नृत्य वर्ग अ में एएसएम स्कूल की छात्रा दीप्ति चैधरी, स्मृति सिंह एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा प्रथम स्थान,एवं वर्ग ब में ए रविन्द्रराव उच्चतर माध्यमिक शाला के प्रतिभागी वासु विवेक समीर एवं अन्य छात्रों द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया, जिसमें सुमनलता सोलंकी, मनोज चौधरी, रिजवान हसन खान शिवा मिश्रा, संजय वाजपेई, एवं अन्य शिक्षको द्वारा बढ-चढ कर छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम में अहम भूमिका रही। मेले का संयोजन एवं संचालन पूर्व प्राचार्य, सुश्री राजेन्द्र कौर लाम्बा द्वारा किया गया तथा महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी एवं निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक द्वारा सुश्री राजेन्द्र कौर लाम्बा व शालाओं के शिक्षको का पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

कटायेघाटमेला के समापन पर महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, एवं मेला समिति सदस्य शशिकांत तिवारी, अवकाश जायसवाल, डॉ. रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, तुलसा बेन एवं

# कटरिया में उपार्जन केंद्र बनाने हेतु भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर ने तहसील ढीमरखेड़ा के स्थानीय कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम कटरिया में पृथक से उपार्जन केन्द्र स्थापित करने हेतु संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग म.प्र. भोपाल को प्रस्ताव भेजा है। कलेक्टर द्वारा प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि उक्त उपार्जन केन्द्र हेतु पात्र संस्था का अभाव है, फलस्वरूप स्थानीय कृषकों की मांग एवं उनकी सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये उपार्जन नीति के प्रावधानों के तहत सामान्यतः एक पात्र सहकारी समिति दवारा अधिकतम दो उपार्जन केन्द्र का संचालन किया जा सकेगा, इस व्यवस्था से भी जिले में आवश्यकतानुसार उपार्जन केन्द्र खोलने हेतु पात्र संस्थाएं उपलब्ध न होने पर उपार्जन संस्था की लिखित सहमति तथा जिला उपार्जन समिति के प्रस्ताव के आधार पर संचालक, खाद्य के अनुमोदन से विकासखण्ड स्तरीय विपणन सहकारी संस्थाओं को दो से अधिक उपार्जन केन्द्र का कार्य सौंपा जा सकेगा।

कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की सहकारी संस्थाओं को दो से अधिक उपार्जन केन्द्रों का कार्य न सौंपा जाए के प्रावधान में आंशिक छूट प्रदान करने का आग्रह करते हुए जिले की विशेष परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति खमतरा को तृतीय उपार्जन केन्द्र के तौर पर संचालन की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में तहसील ढीमरखेड़ा स्थानीय कृषकों तथा जनप्रतिनियों द्वारा ग्राम कटरिया में पृथक से उपार्जन केन्द्र स्थापित किये जाने की गई मांग के आधार पर कलेक्टर ने प्रस्ताव भेजा है।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में 74 आवेदन आये

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल कलेक्ट्रेट परिसर में नवीन कक्ष में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से आये आमजन की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनसुनवाई में 54 आवेदन आये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित अन्य जिलाधिकारी सहभागिता निभाई।

### आज जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 20 दिसम्बर को दमोह के इमलियाघाट सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत इमलियाघाट में प्रातः 9:30 बजे एवं ग्राम पंचायत सलैया हटरी में दोपहर 1:30 बजे से, बटियागढ़ विकासखण्ड के फतेहपुर सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत लिधोरा हारट में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत नीमी में दोपहर 2 बजे से, पथरिया विकासखण्ड के किशुनगंज सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत बरखेरा दुर्गा में प्रातः 9 बजे एवं ग्राम पंचायत किशुनगंज में दोपहर 2 बजे से, हटा विकासखण्ड के मादो सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत मादो में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत चौरइया में दोपहर 2:30 बजे से, पटेरा विकासखण्ड के कंजरा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत कंजरा में प्रातः 9 बजे एवं ग्राम पंचायत बिजौरी पाठक में 1:30 बजे से, तेंदूखेड़ा विकासखण्ड के सहजपुरा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत नरगुंवा माल में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत झरौली में अपरान्ह 3 बजे से तथा जबेरा विकासखण्ड के बनवार सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत परस्वाहा में प्रातः 11 बजे एवं ग्राम पंचायत झरौली में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जायेगी।

### अक्षत कलश की भव्य अगवानी आज जैन समाज करेगी

**पटेरा।** अयोध्या से आया अक्षत कलश की मंदिरों मंदिरों अगवानी कर स्थापना की जा रही है। इसी कडी में आज 20 दिसंबर को जैन समाज अगवानी करेगी। अध्यक्ष अशोक बड़कुल जैन मिलन शाखा अध्यक्ष, युवा इकाई अध्यक्ष व अन्य सभी पदाधिकारियों ने दोपहर ढाई बजे जैन बडा मंदिर सजातीय बंधुओ को बुलाकर चंडी माता से भव्य आगवानी करने का अनुरोध किया है।

### प्रदीप उपाध्याय को मातृ शोक

**पटेरा।** नगर के ख्यातिलब्ध ज्योतिषाचार्य पं प्रदीप उपाध्याय की माता जी का अल्प बीमारी के पश्चात 83 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुडयाना मुक्तिधाम में किया गया जिसमें सभी वर्ग के नागरिकों ने भाग लेकर शोक संवेदना प्रकट की। उनके निवास पर क्षेत्र के लोग पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे है।

### सहादत खान का इंतकाल

**पटेरा।** नगर के मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित सहादत खान का करीब 81 वर्ष की अवस्था में अकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में सभी वर्ग के नागरिकों ने शामिल होकर शोक संवेदना प्रकट की। श्री खान सेवा सभा के दो बार संचालक रहे है। आप भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता डॉ सदाकत खान एवं लियाकत खान के पिता श्री थे।

### समय-सीमा बैठक संपन्न, दिए गये अहम दिशा-निर्देश

# मीट-मछली मार्केट के संबंध में शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करायें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा अधिकारी और अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारी वहां आवश्यक रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा इस दौरान पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड आवश्यक रूप से बनाए जाएं। कलेक्टर मयंक अग्रवाल समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा और अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित सभी एसडीएम और जिला अधिकारी, सीईओ जनपद पंचायत और नगर पालिका अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने उपसंचालक पशु चिकित्सा और मत्स्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड बनवाए जाएं और उनकी पोर्टल में एंट्री भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के काम में गति लाई जाये काफी संख्या में प्रकरण लंबित दिखाई दे रहे हैं। सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूप से रुचि ले और निराकरण करवाये। बैठक में 24 आंगनबाड़ी भवनों जिनका निर्माण होना है, के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी और संबंधित एसडीएम से कहा गया की कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए। जहां भी किसी तरह का कोई इश्यू हैं, उसका निराकरण करें। खाद उर्वरक के संबंध में जानकारी लेने पर सभी संबंधित अधिकारियों ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में जिले में खाद उपलब्ध है और एक रैक यूरिया आने की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि सभी समितियां में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मीट-मछली मार्केट के संबंध में शासन के दिशा निर्देश अनुसार कार्रवाइयां सुनिश्चित करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। उन्होंने कहा निर्देशों का उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जायें। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संबंध में चर्चा कर निर्देशानुसार कार्रवाई के लिए कहा गया। मौजूद सभी एसडीएम ने बताया कि निर्देश अनुसार कार्यवाही की जा रही हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कोलाहल अधिनियम का पालन हो, बिना अनुमति के कहीं पर भी इन यंत्रों का उपयोग ना हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने संजीवनी क्लिनिक के निर्माण के संबंध में सीएमओ पथरिया से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही पेयजल के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। उन्होंने नगरीय और ग्रामीण निकायों के अधिकारियों से योजनाओं के प्रचार-प्रसार और की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## संत तारण स्वामी की 575वीं जयंती पर निकली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

16वीं शताब्दी के महान जैन आध्यातवादी संत तारण स्वामी जी की 575वीं जयंती पर सुबह चेत्यालय जी में सुबह मंदिर विधि का आयोजन हुआ। उसके पश्चात वाहन रैली का आयोजन किया गया। इसमें गुरु महाराज के जयकारे के साथ यह रैली चेत्यालय जी मोरगंज गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर घंटाघर, अस्पताल चौराहा, कीर्ति स्तंभ, स्टेशन चौराहा होते हुए। मोरगंज गल्ला मंडी चैत्यालय जी में इसका समापन हुआ। इस रैली में बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही। समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति रही। यह जानकारी तारण तरण दिगंबर चैत्यालय कमेटी के संगठन मंत्री दीपक जैन के द्वारा दी गई।

## वार्डवासियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

दमोह। बजरिया वार्ड नं.8 सीताबावली के वार्डवासियों ने पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया कि हमारी बस्ती में आसामाजिक तत्वो द्वारा चोरी, डकैती, स्कूल की बच्चियों के साथ छेड़खानी, शराब पीकर गाली गलौच एवं मारपीट आये दिन ऐसी घटनाओं का सामना करना पड़ता है जिससे समस्त वार्ड में भय बना रहता है। वार्ड में अवैध रूप से शराब विक्रय की जाती है जिससे वार्ड का माहौल खराब है। जुआड़ी वार्ड में दिन रात फड़ डाले रहते है जिससे स्कूल जा रहे बच्चो पर गलत प्रभाव पड़ता है। आसामाजिक तत्वो द्वारा राहगीरो को देखकर उनके पास से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये निकलजाते है जिससे कई बार हादसे हो चुके है। अगर देर रात वार्ड में कोई व्यक्ति आता है तो दबंगों द्वारा उसे अकेला पाकर लूट पात कर पैसे छीन लिये जाते है। वार्ड में गाय का मांस भी बेचा जा रहा है एवं गाय को काटा जाता है जिसकी शिकायत कोतवाली में कई बार की जा चूकी है आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्डवासियों की उपस्थिति रहीं।

## दमोह से बागेश्वर धाम की पैदल यात्रा 21 दिसंबर से

**दमोह।** बालाजी सरकार हनुमान जी महाराज की प्रेरणा से महाराज श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम सरकार के आशीर्वाद से बागेश्वर धाम शिष्य मंडल द्वारा दमोह से बागेश्वर धाम तक दिनांक 21 दिसंबर 2023 से पदयात्रा प्रारंभ हो रही है यात्रा के संयोजक पूर्व विधायक अजय टंडन ने बताया कि पदयात्रा 21 दिसंबर गुरूवार सुबह 6 बजे टंडन बगीचा से प्रारंभ होकर हनुमान गढ़ी में ध्वजा पूजन उपरांत लक्ष्मण कुटी, बनगांव से होकर हटा में रात्रि विश्राम करेगी। 22 दिसंबर शुक्रवार हटा से बिनती, मड़यिादो, कलकुआ से होकर घोघरा में विश्राम करेगी। 23 दिसंबर शनिवार घोघरा से मलवारा, वन चौकी, किशुनगढ़ होकर संत सलैया में रात्रि विश्राम करेगी। 24 दिसंबर रविवार को संत सलैया से सिद्व बाबा मोतीगढ़ मंदिर जनशक्ति पीठ आश्रम गौशाला ग्राम सलैया में रात्रि विश्राम करेगी। 25 दिसंबर सोमवार सलैया से प्रारंभ होकर अनस्थी रैनबसेरा, देवगांव गंज होकर बागेश्वर धाम पहुंचेगी। यात्रा संयोजक अजय टंडन ने बताया कि यात्रा में ठहरने भोजन की व्यवस्था की गई है। पदयात्रा करने के लिये पारूल टंडन 8707280405, सोनू टंडन 9617030300, प्रवीण भाई पटेल 9426182775, चंदू राय 8989158484, आशीष चतुवेदी 9425096506, दिनेश असाटी 8827650649 से संपर्क कर सकते है।

## दोषियों पर कार्यवाही की मांग



**दमोह।** जिले के सबसे जिले की सबसे महत्वपूर्ण मंदिर ट्रस्ट कमेटी के कुछ सदस्यों द्वारा की गई आर्थिक अनियमित्ताओ एवं इस मामले में पूर्व में धर्म प्रेमियों द्वारा की गई शिकायतों की उपरांत प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए रिकॉर्ड जप्त किया गया था। रिकॉर्ड जप्त होने के उपरांत चुनाव आचार संहिता लगने के कारण प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही थी। इसी परिपेक्ष में मंगलवार को पुजारियों एवं आम नागरिकों के एक समूह द्वारा पं चंद्र गोपाल पौराणिक के नेतृत्व में कलेक्टर मयंक अग्रवाल से भेटकर एक ज्ञापन सौंपा जिसमें मंदिर ट्रस्ट कमेटी के संबंध में की जा रही जांच पर शीघ्र ही कार्यवाही किए जाने की बात कही एवं कहां की वह किसी भी धार्मिक कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार का कोई व्यवधान नहीं लगाना चाहते हैं जिससे कि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो। लेकिन ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों द्वारा जिस प्रकार से सभी मामलों में अनियमिताएं एवं आर्थिक अनियमितताएं की जा रही हैं उस पर शीघ्र ही अंकुश लगाया जाए तथा उनके विरुद्ध ठोस कार्यवाही की जाए। जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र ही कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा श्री पौराणिक ने बताया कि उनके द्वारा जो आम नागरिकों एवं धर्म प्रेमियों ने शिकायत की थी उसे पर यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र ही कार्रवाई नहीं की गई तो एक वृद्ध आंदोलन जिला स्तर पर किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेवारी प्रशासन की होगी।

## हिंदु जागरण मंच ने विभिन्न मांगों को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

दमोह। हिन्दू जागरण मंच ने पुलिस अधीक्ष को एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन सौंपते हुए कृष्णा तिवारी ने बताया कि माँगज स्कूल के पास निवासी राजेश परिहार पर मामूली विवाद के चलते, गाड़ी खाना निवाशी विशेष समुदाय समूह ने अचानक हमला कर दिया जिसमें राजेश परिहार की उनकी दुकान मे घुसकर बेरहमी से पिटाई की गई, जिसमें राजेश परिहार बुरी तरह घायल हुए उनके सर और कान में गंभीर चोटें भी आई। अपने पिता की जान पर खतरा और बेरहमी से पिटता देख नावलिक बेटे ने बचाव में उसके पिता और घर पर हमला करने आये हमलावर और अन्य लोगों से परिवार को बचाने का प्रयास किया। उक्त हिंसक भीड़ ने हिन्दू परिवार की पिटाई की और घर मे रखी हिन्दू धर्म के आराध्य देवी और श्री गणेश की प्रतिमाओं को तोड़ डाला, कोतवाली पुलिस द्वारा एक तरफा कार्यवाही कर हिन्दू परिवार के सदस्यों पर एफआईआर दर्ज की। परिवार पर हुए हमले की एफआईआर अभी तक नही लिखी गई। उन्होने तुरंत जांच कर एफआईआर करने के आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की। अगर शीघ्र ही उक्त मामले में एफआईआर नही होती तो हिंदू जागरण मंच जिला दमोह बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी गई।

## इल्ली का प्रकोप, किसान कर रहे कीटनाशक का छिड़काव

**हटा।** विगत महीने हुई रिमझिम बारिश के चलते कहीं किसानों को फायदा हुआ तो कहीं पर नुकसान। हटा क्षेत्र में गेहूं चना मसूर की फसलों में इल्ली का प्रकोप बढ़ गया है जिसके कारण किसान अपने खेतों में कीटनाशक दवा का छिड़काव कर फसलों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। हिनौता रनेह एवं लुहारी सेक्टर के अधिकांश से ग्रामों की फसलों में बिल्ली का प्रकोप ज्यादा है जहां किसान अपने संसाधनों से दिन-रात कीटनाशक का छिड़काव करने में जुटे हुए हैं। किसानों ने बताया कि कीटनाशक दवा के छिड़काव से इल्ली का प्रकोप अब कम होने लगा है। लेकिन मंगलवार को अब फिर अचानक हुए मौसम में बदलाव के कारण आकाश में बादल छाने से फिर फसलों में इल्लियों का प्रकोप बढ़ने की संभावना है।



## तस्करी के संदेह में गौवंश पकड़कर पुलिस को सौंपे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा थाना अंतर्गत कलेहरा से जबेरा की ओर जा रहे करीब 16नग गोवंश बछड़ों को गोवंश तस्करी के संदेह भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं के द्वारा पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है। भगवती मानव कल्याण संगठन कार्यकर्ता लाखन सिंह को कलेहरा से जबेरा की ओर दर्जनों गोवंश ले जाने की खबर मिली थी जिसकी सूचना बजरंग दल कार्यकर्ताओं को दी गई। और संगठन सदस्यों एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं के द्वारा जबेरा बाईपास के पास में गोवंश को पकड़कर जब गोवंश ले जा रहे लोगों से पूछा गया तो उनके पास गोवंश खरीदी की कोई रसीद नहीं थी। जिसके चलते इसकी सूचना जबेरा पुलिस को दी गई और गोवंश करीब 16 नग बछड़ों को मुड़ेरी गौशाला में छोड़ दिया गया था और पुलिस के द्वारा गोवंश तस्करी संदेह को लेकर इस मामले की जांच की गई। पुलिस को गोवंश ले जा रहे लोगों द्वारा द्वारा बताया गया कि सिमरी ग्राम से पशुपालक किसानों से खरीद कर लाए हैं और डिंडोरी ले जा रहे थे। गोवंश ले जा रहे लोगों के द्वारा गोवंश खरीदी की रसीद भी कुछ समय बाद पुलिस को उपलब्ध करवाई गई है। प्रधान आरक्षक संतोष खरे ने बताया पकड़े गए गोवंश खरीदी की रसीदें उक्त व्यक्तियों के द्वारा पुलिस को उपलब्ध करवाई गई हैं। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच में गोवंश तस्करी का मामला सामने आता है वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई की जाएगी।

# नोहटा में भव्यता से निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

### कलश यात्रा में सम्मिलित हुए विश्व हिंदू जागरण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्री राम जन्मभूमि मंदिर के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नोहटा





सनातन धर्म में परंपरा रही है कि हल्दी और अक्षत से निमंत्रण दिया जाता है, ठीक वैसे ही देश भर में जो अक्षत कलश आया है। उसे अंतिम छोर तक सनातनियों तक पहुंचना है। अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को तय होना हुआ है। इसके उपलक्ष्य में भारतवर्ष के प्रत्येक क्षेत्र में अयोध्या से अक्षत से भरा हुआ कलश आया है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नोहटा के तत्वाधान में अक्षत कलश की शोभा यात्रा निकाली गई। जो बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर नोहटा से प्रारंभ होकर नोहलेश्वर मन्दिर से राधा कृष्ण मंदिर से पठरिया मुहल्ले होते हुए पुनः हनुमान मंदिर बस स्टैंड में संपन्न हुई। कलश यात्रा में ढोल नगाड़ों के साथ डीजे की धुन पर मनमुग्द होकर नाचते गाते हुए श्रद्धालु एवं कलश को अपने सिर पर स्थापित करे हुए हिंदू वाहनी की कन्याएं एवं गायत्री महिला मंडल की महिलाओं के द्वारा जय श्री राम के नारे लगाते हुए शोभायात्रा में सम्मिलित हुई। राष्ट्र स्वयंसेवक के कार्यवाहक भी सम्मिलित हुए। जब शोभायात्रा बस स्टैंड नोहटा पहुंची तब विश्व हिंदू जागरण परिषद एवं राम जन्मभूमि के उपाध्यक्ष स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज के द्वारा हिंदू संगठन के नेतृत्व में एवं भारतीय संविधान को मानने के लिए आवाहन किया गया। एवं इस्लाम धर्म के पूर्वजों को हिंदू बताया गया। कहा कि जो आज मुसलमान है, उनकी पिछले आठ पीढ़ी के पूर्वज हिंदू ही हैं। इन्हीं में से किसी का नाम राम सिंह, श्याम सिंह, मनोहर सिंह, रहा होगा और गोरी के समय इनका धर्मांतरण करवा कर इनको मुसलमान बनाया। क्योंकि इतिहास में भारत में मुसलमान नहीं थे। भारत आर्यावर्तो की भूमि है। एवं उन्होंने सभी धर्म के लोगों से वंदे मातरम कहने का आवाहन किया है। और कहा है कि भारत का नक्शा अभी अधूरा है जब तक बांग्लादेश और पाकिस्तान भारत में नहीं मिल जाते तब तक हमारा देश पूरा नहीं होगा। जो देश की संस्कृति और संविधान को नहीं मानेगा जो वंदे मातरम नहीं बोलेगा उसे देश छोड़कर जाना होगा। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विश्व हिंदू परिषद, हिंदू वाहिनी, बजरंग दल, गायत्री महिला मंडल परिवार, राष्ट्र स्वयंसेवक संघ, के साथ संपूर्ण ग्राम वासियों की भूमिका रही।

## लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को बख्शा नहीं जायेगा : विधायक उमादेवी खटीक

### क्षेत्र के हितग्राही जिन्हे लाभ नहीं मिला, दस्तावेजों सहित संकल्प यात्रा में पहुंचकर लाभ लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार विधायक बनी श्रीमति उमा देवी खटीक ने विधायक पद की शपथ लेने के बाद हटा क्षेत्र के लोगो से अपील की है कि ऐंसे लोग जो पात्रता के बाद भी शासन की योजनाओं का लाभ नहीं ले पायें है वह यात्रा में जरूरी दस्तोवेजों के साथ पहुंचकर योजनाओं का लाभ लें यदि उनकी पात्रता के बाद भी उन्हे भटकाया जाता है हो संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। विधायक महोदया ने संकल्प यात्रा का पूरा देश समयवाद दिनांक वार बुला कर इसमें उपेक्षा या लापरवाही बरतने वालों को चेतावनी भी दी है। विधायक श्रीमति खटीक ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री की मंशा है कि कोई भी पात्र वंचित न रहे अतः इका सही क्रियान्वयन हो। विधायक श्रीमति खटीक स्वयं 21 के बाद इसकी समीक्षा करेंगी। उन्होने कहा कि हितग्राही किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सीधे उनके संपर्क करें।



## पेयजल आपूर्ति योजना ठप्प दस दिनों में हो रही सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

नगर में वैसे तो कहने के लिए करीब 23 करोड़ रुपए लागत की मुख्यमंत्री शहरी पेयजल आपूर्ति योजना सिर्फ नाम के लिए है पहले घरों में हर तीसरे दिन पानी पहुंच रहा था पर विगत माह से 10 दिनों में एक दिन पानी पहुंच जाए तो ठीक है पिछले वर्ष की बारिश में सतौआ डेम बह गया पर सोचने वाली बात है कि डेढ़ वर्ष बीतने के बाद भी व्यवस्था नही हो पाई जिससे नगर में जल संकट बना हुआ है लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अधिकारी द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है कुल मिलाकर देखा जाए तो सब भगवान भरोसे चल रहा है एक तरफ शासन भले कहें कि हमने योजना से इतने घरों में पानी पहुंचाया पर हकीकत कुछ और है प्रतिदिन पानी घरों में पहुंचना चाहिए पर नही पहुंच रहा हर तीसरे दिन मिलें तो ठीक है पर कोई निश्चित ही नही अब आयेंगे तो इस योजना का क्या औचित्य रहा। जिला कलेक्टर से मांग है कि नगर में संचालित मुख्यमंत्री शहरी पेयजल आपूर्ति का संचालन सुचारू रूप से हो ऐसी व्यवस्था की जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं Mazid Ali Khan पिता Barkat Ali khan पता मैन रोड के बाजू में पटेरिया जिला दमोह 470664 का निवासी हूं। मेरी दसवीं की अंकसूची मेरा नाम Mazid Ali और पिता का नाम Barkat Ali दर्ज हैं जो अधूरा नाम हैं। मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Mazid Ali Khan पिता Barkat Ali khan दर्ज हैं जो की सही और पूरा नाम है आज दिनांक से मुझे इसी नाम से जाना जावे।

सही नाम - Mazid Ali khan
पिता का नाम- Barkat Ali khan
गलत नाम- Mazid Ali
पिता का नाम - Barkat Ali